भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 107
सोमवार, 22 जुलाई, 2024/31 आषाढ़, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

ग्रामीण पर्यटन का विकास

107. श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकरः
श्री रविंद्र दत्ताराम वाइकरः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार देश के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के परिवारों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने और नई योजनाएं लागू करने पर विचार कर रही है/करने की संभावना है;

(ख) यदि हां, तो पिछले पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान उक्त योजनाओं का महाराष्ट्र और दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव के जिलों का राज्य-बार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने महाराष्ट्र और दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव संघ राज्यक्षेत्र सहित विभिन्न राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में ग्रामीण पर्यटन के विकास और नई योजनाओं के लिए पर्याप्त धनराशि आवंटित की है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी वर्ष-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) ग्रामीण पर्यटन के विकास और नई योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए सरकार द्वारा अब तक उठाए गए/उठाए जा रहे विभिन्न कदमों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ङ): देश में ग्रामीण पर्यटन की असीम संभावनाओं को पहचानते हुए पर्यटन मंत्रालय ने भारत में ग्रामीण पर्यटन के विकास हेतु एक राष्ट्रीय कार्यनीति और रोडमैप तैयार किया है। यह कार्यनीतिक दस्तावेज निम्नलिखित प्रमुख स्तंभों पर फोकस करता हैः

(i) ग्रामीण पर्यटन हेतु मॉडल नीतियाँ तथा सर्वोत्कृष्ट कार्यपद्धतियाँ
(ii) ग्रामीण पर्यटन हेतु डिजिटल प्रौद्योगिकियाँ और प्लेटफॉर्म
(iii) ग्रामीण पर्यटन हेतु क्लस्टरों का विकास करना

(iv)ग्रामीण पर्यटन हेतु विपणन सहायता

(v) हितधारकों का क्षमता निर्माण

(vi)शासन एवं संस्थागत कार्यढाँचा

इसके अतिरिक्त पर्यटन मंत्रालय ने ग्रामीण परिपथ को अपनी स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत विभिन्न थीमेटिक परिपथों में से एक के रूप में चिह्नित किया है। इस योजना के ग्रामीण परिपथ के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

अनुबंध

श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर और श्री रविंद्र दत्ताराम वाइकर द्वारा ग्रामीण पर्यटन का विकास के संबंध में दिनांक 22.07.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 107 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

ग्रामीण परिपथ

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	राज्य का नाम	वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	जारी की गई राशि
1.	बिहार	(2017-18)	गाँधी परिपथः भितिहरवा - चंद्राहिया - तुर्कोलिया का विकास	44.27	40.31
2.	केरल	(2018-19)	मलानाड मलाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास	57.35	45.88
			कुल	**101.62**	**86.19**

*****